बाबा आएगा | by Shyam Salona (Kota)

चपके से बाबा आएगा
मेरे सिर पर हाथ फिरायेगा
फिर मुझको गले लगाएगा
ये सोच के मन हर्षाये मेरा
हो जबसे है नाम लिया श्याम ने है थाम लिया

तेरे नाम से ही मेरा नाम चले
कृपा से तेरी पहचान मिले
देखे ये ज़मान प्यार तेरा
तूने पूरा किया अरमान मेरा
ना जाने क्या रिश्ता है
लगता तू अपना है
चरणों में तेरे मैं बैठा रहूं
मेरे श्याम का मैं तो होने लगा
रेहमत बाबा की पाने लगा
इत्तर सा मैं महकाने लगा
ये सोच के मन हर्षाये मेरा
हो जबसे है नाम लिया श्याम ने है थाम लिया

मेरे दिल में बसी तस्वीर तेरी
तेरे दर से बनी तक़दीर मेरी
तेरे जैसा दयालु और नहीं
मेरा तो सहारा श्याम तू ही
दीवना मैं तेरा हूँ
जगता ना सोता हूँ
ख्यालो में तेरे मैं खोया रहूं
खुशियां जीवन में है हर पल
तेरा ही बाबा है ये असर
जय कौशिक पर है तेरी नज़र
ये सोच के मन हर्षाये मेरा
हो जबसे है नाम लिया श्याम ने है थाम लिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a4%be-by-shyam-salona-kota/